उद्योगों से लाखों युवाओं को प्रदेश में मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री ने सुल्तानपुर में किया पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण, निर्माण कार्यों की ली जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

सुल्तानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ-गाजीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर औद्योगिक क्लस्टर विकसित होने से अलग-अलग प्रकार के बड़े उद्योग स्थापित किए जाएंगे। इससे लाखों युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को सुल्तानपुर जिले के हलियापुर के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का निरीक्षण करने के साथ ही पौधरोपण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में मार्ग के जरिए एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाई जाएगी। यह सिर्फ औद्योगिक गलियारा ही नहीं बल्कि पर्यावरण का हब बनाया जाएगा। एक्सप्रेस-वे के किनारे खाली स्थानों पर पौधरोपण करके पर्यावरण को सुरक्षित रखा जाएगा। 'वन है तो जीवन है, जल है तो कल है' का संदेश देते हुए सीएम ने कहा कि इसके साथ ही हाईवे व अन्य मार्गों पर खाली स्थानों पर पौधरोपण करते हुए एक दिन में 30 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। हालांकि इसके लिए उन्होंने एक से सात जुलाई तक का समय दिया है। सीएम ने कहा कि कहा कि यहां पहले सामान्य खेत हुआ करता था। आज एक्सप्रेस-वे बनने से नयापन दिख रहा है।

सीएम ने कहा कि जिला व गांव स्तर पर अभियान के तौर पर पौधरोपण किया जाएगा। पर्यावरण रहेगा तो हम भी स्वस्थ रहेंगे। इसके पहले कार्यक्रम को वन मंत्री दारा सिंह चौहान ने संबोधित करते हुए पौधरोपण के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुल्तानपुर के हलियापुर के पास पौधरोपण किया।

यूपी को बनाएंगे देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगले पांच वर्षों में यूपी को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाएंगे। अभी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बड़ी ढांचागत परियोजना व पारदर्शी निवेश से अर्थव्यवस्था में सुधार का सिलसिला जारी रहेगा। सीएम बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में 162 करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के कार्यक्रम में गए थे। उन्होंने कहा कि पहले यूपी का नाम सुनते ही बाहर के लोग हंसने लगते थे। नकारात्मक धारणा बनी थी। पिछले साढ़े चार सालों में हमने इस धारणा को तोड़ा है। अब यूपी मॉडल की तारीफ सब जगह होती है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में 4.50 लाख करोड़ का निवेश हुआ है। 1.5 करोड़ लोगों को रोजगार भी मिला है।साढ़े चार साल में सवा चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। ब्यूरो